भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी

प्रेस वक्तव्य

दिनांक–11 जनवरी, 2023

पार्टी नेतृत्व को नुक्सान पहुंचाने के उद्धेश्य से केन्द्रीय गृहमंत्री अमितशाह के निर्देशन पर दक्षिण बस्तर में कर रहे हवाई हमलों की घोर निंदा करें!

बस्तर की जनता पर थोपे गए युद्ध के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करें!

आज सुबह 11:00 बजे दक्षिण बस्तर के पामेड़, किस्टारम सरहदी इलाकों के मड़कनगुड़ा मेट्टागुड़ा, बोट्टेतोंग, साकिलेर, मड़पादुलेड, कन्नेमरका, पोट्टेमंगुम, बोत्तलंका, रासापल्ली, और एर्रापाड़ गांव, जंगल पहाड़ों को निशाना बनाकर ड्रोन, हेलिकॉप्टरों द्वारा तेलंगाना, छत्तीसगढ़ के पुलिस समन्वय में हवाई बमबारी कर रहे हैं। आप सभी जानते हैं कि पिछले साल 15 अप्रैल को भी इसी इलाकों में बमबारी किये गए।

इस साल फिर 2023, जनवरी 11 सुबह से शुरू हुई हवाई बमबारी रुख, रुखकर अभी भी जारी है. हमारी पार्टी नेतृत्व तथा पीएलजीए को क्षति पहुंचाने के उद्धेश्य से पूरे इलाके को महीनों भर से दिन–रात लगातार टोही, हेलिकॉप्टरों द्वारा निगरानी रखते हुए सैकडों बम गिरा रहे हैं।

हाल ही में केन्द्रीय गृहमंत्री अमितशाह यह घोषणा की कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले माओवादी पार्टी को झड़ से मिठांएंगे। इसी योजना अंतर्गत 'घेरा डालो–उन्मूलन करो' अभियान संचालित करते हुए हमारी पार्टी, पीएलजीए, क्रांतिकारी जन कमेटियों एवं जनता का सफाया करने की योजना पर केंद्र की ब्राह्मणीय हिंदुत्व फासीवादी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की जन विरोधी व आदिवासी विरोधी कांग्रेस सरकार के दिशानिर्देशन में आला पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी एड़ी–चोटी का जोर लगा रहे हैं.

इस भीषण बमबारी से जनता अपनी खेतों में नहीं जा पा रहे हैं जो कि धान मिंजाई का काम अभी जोरों पर है। लोगों में डर व अत्यंत भय का महौल बना हुआ है।

हमारी पार्टी एक बार और देश, दुनिया के सभी प्रगतिशील, जनवादी, क्रांतिकारी ताकतों से अपील करती है कि भारत के शोषक–शासक वर्गों द्वारा हमारी पार्टी, पीएलजीए, जन राज्यसत्ता के संगठनों एवं जनता पर जारी इन भयानक वायु सैनिक हमलों के खिलाफ जबर्दस्त जन आंदोलन का निर्माण करें.

गंगा
सचिव
दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी
भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)